तापमान

अधिकतम .26 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



4 धान उपार्जन केंद्र बुनगा में मानक से अधिक वजन, बारदाना स्टॉक में गड़बड़ी




## खबर संक्षेप



### लोक अदालत में 2333 प्रकरणों का निराकरण

**छाल नवापारा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक] तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के नेतृत्व में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक के साथ तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के सदस्य दीपक देवांगन, अधिवक्ता, हुरदानंद यादव, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पीएलवी श्रीमती मौसमी शर्मा थाना छाल, पीएलवी सावित्री डन्सेना, थाना कापू, पीएलवी सदानंद सिंह, थाना धरमजयगढ़ सहित बैंक विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ में कुल 2333 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें बैंक विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम विभाग सहित अन्य विभिन्न प्रकृति के प्रकरण शामिल रहे। नेशनल लोक अदालत के आयोजन से पक्षकारों को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय प्राप्त हुआ, जिससे न्यायिक प्रक्रिया के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ।

### जूटमिल थाना में सम्मान समारोह आयोजित

**रायगढ़।** रविवार को थाना जूटमिल परिसर में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान देने वाले स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, पुलिस मित्रों, ग्राम कोटवारों व स्वच्छनता दीदियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का समग्र विकास तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करे। उन्होंने यह भी कहा कि अच्छे कार्य करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है, ताकि समाज में सकारात्मक वातावरण बने और अन्य लोग भी प्रेरित हों। इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर ऐसे नागरिकों को चिन्हित कर सम्मानित किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने सभी सम्मानितजनों को भविष्य में भी इसी तरह समाजहित में सक्रिय रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोड़ातराई के फार्मासिस्ट भवानी लाल नायक, बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती इन्दु पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला नेतानगर की सहायक शिक्षिका श्रीमती रंजीता चौहान, शासकीय प्राथमिक शाला बोदाटिकरा की सहायक शिक्षिका नील कुसुम भगत को उनके सेवाभावी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## दमकलों की संख्या बढ़ाने शासन-प्रशासन भी नहीं ले रहे रूचि, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# होमगार्ड के पास मात्र तीन फायर ब्रिगेड आपातकाल में उद्योगों पर हैं निर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की बढ़ती आबादी, उद्योगों के फैलते जाल और तेजी से बढ़ते व्यापारिक क्षेत्रों के बीच फायर सेफ्टी सिस्टम हालात का सामना करने में सक्षम नहीं दिख रहा है। पूरे जिले में होमगार्ड के पास मात्र तीन फायर ब्रिगेड उपलब्ध हैं, जबकि आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में आपातकालीन स्थिति में शहर को उद्योगों के दमकल वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करता है।

दरअसल शहर सहित जिले में बाजार, गोदाम, घनी बस्तियां और भवन तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में आग लगने पर तुरंत पहुंचना बेहद जरूरी होता है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण दमकल वाहन कई बार देर से मौके पर पहुंचते हैं। फायर विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि सिर्फ तीन गाड़ियां शहर की जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं हैं, खासकर तब जब एक साथ दो या तीन जगह घटनाएं हो जाएं। रायगढ़ एक औद्योगिक जिला है और बड़ी संख्या में बड़े-बड़े उद्योग यहां सक्रिय हैं। आगजनी की गंभीर घटनाओं में अक्सर इन उद्योगों से दमकल वाहन मंगाने पड़ते हैं। हालांकि उद्योगों की ओर से सहयोग मिलता है, लेकिन यह प्रक्रिया समय लेने वाली होती है और हर बार उपलब्धता भी सुनिश्चित नहीं होती। जानकारों का कहना है कि किसी भी शहर की सुरक्षा व्यवस्था को उद्योगों जैसे बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।



### जिले को नहीं मिली फायर बाइक

कुछ साल पहले होमगार्ड विभाग द्वारा शासन से फायर बाइक की मांग की गई थी, इसके लिए प्रस्ताव बना कर भी भेजा गया था। ताकि संकरी गलियां, मोहल्ले जहां फायर ब्रिगेड घुस नहीं पाता यहां इन फायर बाइक का इस्तेमाल कर आग को बुझाया जा सके, लेकिन शासन ने इस पर भी मुहर नहीं लगाई और यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया।

### लोगों ने कहा- संसाधनों में विस्तार की है जरूरत

लोगों की मांग है कि होमगार्ड को फायर ब्रिगेड की संख्या बढ़ानी चाहिए। हालांकि इसके लिए विभाग काफी सालों से प्रयास कर रहा है, लेकिन शासन से ही इसकी स्वीकृति नहीं मिल रही है। शासन-प्रशासन को नए दमकल वाहन, अत्याधुनिक उपकरण, उपकेंद्रों की स्थापना, प्रशिक्षित फायर फाइटर्स की संख्या में वृद्धि जैसे कदम तत्काल उठाए जाने की जरूरत है ताकि शहर को सुरक्षित बनाया जा सके।

### वाहनों की कमी से जोखिम में है शहर की सुरक्षा

दमकल वाहनों की कमी का सीधा असर जिलेवासियों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, पुराने मोहल्लों और औद्योगिक क्षेत्र के आसपास आग का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके अलावा त्योहारों के समय, गर्मी में बढ़ते तापमान और ट्रांसफॉर्मरों में आग लगने की घटनाओं में फायर ब्रिगेड की सक्रियता और भी जरूरी हो जाती है, लेकिन संसाधन सीमित हैं।

### की जाती है वाहन की मांग

अपने पास एक ही फायर ब्रिगेड था, लगातार मांग के बाद शासन से इसी साल अप्रैल माह में दो और दमकल वाहन दिया गया है। इस तरह हमारे पास कुल तीन दमकल हैं। हालांकि तीन दमकलों से पूरे जिले को संभालना संभव नहीं है, इसलिए जब कभी आगजनी की घटना घटित होती है तो उक्त क्षेत्रों के उद्योगों से दमकल वाहन की मांग की जाती है।

**बी. कुजूर,** जिला सेनानी, होमगार्ड, रायगढ़

### लापता बालिका पुलिस को बेमेतरा में मिली

**रायगढ़।** चक्रधरनगर थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालिका को पुलिस ने जिला बेमेतरा से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है और बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट में न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को एक स्थानीय महिला द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 29 जुलाई की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने संदेह व्यक्त किया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि बालिका किसी सुमीत यादव नामक युवक के संपर्क में थी और मोबाइल के माध्यम से उससे बातचीत करती थी। पुलिस द्वारा बालिका और संदेही युवक की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दोनों थाना बेरला, जिला बेमेतरा क्षेत्र में हैं। 12 दिसंबर को चक्रधरनगर पुलिस की टीम बेमेतरा रवाना हुई, जहां संदेही सुमीत यादव तक पहुंचकर उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को सुरक्षित बरामद कर थाना लाया गया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

**रायगढ़।** रायगढ जिला कोर्ट के द्वारा नाबालिग को घर से भगा ले जाने एवं शादी का झांस देकर शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई गई।

पूरा मामला कोतरारोड थाना अंतर्गत ग्राम लिटाईपाली का है, जहां के निवासी विजय जांगडे उर्फ बिज्जू उम्र 24 साल के द्वारा जनवरी 2025 में गांव की ही एक नाबालिग को बहला फुसला कर घर से भगा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जहां परिजनों के शिकायत के बाद पुलिस नें आरोपी को 1 महीनें बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पीडिता नें पुलिस को बताया कि आरोपी ने कई बार उससे शारीरिक संबंध बनाए, पुलिस नें आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सों एक्ट के तहत जेल भेज दिया जहां कोर्ट नें आरोपी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई। पीडिता के के पिता ने कोतरा रोड थाने में सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 जनवरी 2025 की सुबह साढ़े 9 बजे उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी स्कूल गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी।आसपास व रिश्तेदारों में पूछताछ करने के बावजूद उसका कहीं पता नही चला। ऐसे में उसे संदेह है कि अज्ञात युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर कोतरा रोड पुलिस ने गुम इंसान दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पुलिस जांच में जानकारी हुई कि पीड़िता ग्राम लिटाईपाली में है। ऐसे में पुलिस ने 5 फरवरी को नाबालिग को ग्राम लिटाईपाली से बरामद किया। पुलिस ने आरोपी विजय जांगड़े उर्फ बिज्जू (24 साल) को गिरफ्तार किया। पीड़िता का बयान लेने पर उसने बताया कि शादी का झांसा देकर भगाकर ले गया था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामले में आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 65(1) 87 BNS एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4-6 जोड़ते हुए आरोपी विजय जांगड़े को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।जहां इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पास्को के न्यायाधीश देवेन्द्र साहू ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी का दोष सिद्ध पाया।मामले में आरोपी विजय जांगड़े उर्फ बिज्जू को 20 साल के कठोर कारावास और 6 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। अर्थदण्ड न पटाने पर 4 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगताने को कहा गया है।

## परीक्षा से एक घंटे पहले ही बांट दिया पेपर नाराज परिजन ने स्कूल में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में रविवार के दिन पीएसवाय योजना के तहत आयोजित परीक्षा में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिली। यहां परीक्षा के निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र बांट दिया गया, जिसकी वजह से कुछ परीक्षार्थी परीक्षा देने से चूक गए थे, जिसके बाद परिजनों के हंगामें के बाद उन्हें परीक्षा में शामिल किया गया।

दरअसल पूरा मामला शहर के नटवर स्कूल से संबंधित है, जहां पीएसवाय नेशनल की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को आयोजित की जानी थी। इस परीक्षा में परिक्षार्थियों के एडमिट कार्ड में सुबह 11 बजे का समय दिया गया था और विभाग की ओर से सैंटरों को 10 बजे का समय बताया गया था। सेंटरों के पर्यवेक्षकों नें विभाग के द्वारा बताए गए समय के अनुसार सुबह 10 बजे ही शुरू कर दिया गया। वहीं परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड में सुबह 11 बजे का समय दिया गया था, जब परीक्षार्थी 11 बजे परीक्षा देने के लिए पहुंचे तब उन्हें पता चला की परीक्षा एक घंटे पहले ही शुरू की जा चुकी थी। इस बात से नाराज परिजनों ने परीक्षा के पर्यवेक्षक से जब इसकी शिकायत की तो उन्होंने कहा कि उन्हें विभाग की ओर से सुबह 10 बजे का समय बताया गया था।



### कई रह गए परीक्षा से वंचित

परीक्षा में पहुंचे परिक्षार्थियों के परिजनों नें कहा कि प्रवेश पत्र में अलग समय दिया गया है और यहां केन्द्रों में 10 बजे का समय दिया गया है, यह पूरी तरह से धोखाधडी और धांधली है। वहीं इस मामले में स्कूल के पर्यवेक्षक ने कहा कि उन्होंने विभाग को इसकी जानकारी दी थी। विभाग को लगातार दो दिनों से फोन एवं व्हाटसअप के जरिए इसे सुधारने को कहा गया, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं आया। इसलिए उन्होंने अपने मत से परिक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी, लेकिन समय निकल जाने के कारण कई परिक्षार्थी परीक्षा से वंचित रह गए।

## फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं, शिक्षकों को दी जा रही ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में इस साल नए शिक्षा नीति के तहत प्रश्नपत्रों के पैटर्न पर बदलाव होगा। सभी विषयों के लिए बहु वैकल्पिक प्रश्न पत्र सहित अन्य तरह के प्रश्नों की संख्या में पहले से अंतर होगा। प्रश्नपत्र का पैटर्न पूरी तरह से बदला हुआ नजर आएगा । इस सब के बीच परीक्षा के प्रश्नपत्र के ब्लूप्रिंट सहित प्रश्नपत्र तैयार करने व शिक्षण शास्त्र पर शिक्षा विभाग की ओर से जुर्डा में शिक्षकों को ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। इस ट्रेनिंग के तहत पहले बैच की पांच दिन की ट्रेनिंग शुक्रवार को पूरी कर ली गई और अब ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि वे बच्चों को इसी मापदंड पर क्लास में पढाएं।

दरअसल 10वीं व 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू से शुरू होने वाली है। शिक्षकों का दिसंबर का पूरा माह ट्रेनिंग में ही गुजरेगा, उधर स्कूलों में छमाही की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है, इसके बाद जनवरी माह से बोर्ड की कक्षाओं के प्रैक्टिकल परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसे में ट्रेनिंग ले रहे शिक्षक एक महीनें में बच्चों को प्रश्नपत्र के पैटर्न पर क्या पढाएंगे यह सवाल अब भी उठता है।



### रिजल्ट में देखने मिलेगा प्रभाव

स्कूलों में नए पाठ्यक्रम के हिसाब से बच्चों की तैयारी करानें के लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे बच्चों का ही फायदा होगा। स्कूलों में कोर्स भी लगभग पूरे हो चुके हैं, इससे रिजल्ट में प्रभाव देखनें को मिलेगा।

केवी राव जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़

### पहले चरण में 38 संकुलों के 75 शिक्षक हुए शामिल

जुर्डा में आयोजित ट्रेनिंग के पहले चरण में कुल 9 विषयों के 75 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर की ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था। इस ट्रेनिंग के पहले चरण में 38 संकुलों के 75 शिक्षक हुए शामिल हुए। इनकी ट्रेनिंग 8 दिसंबर से 12 दिसंबर तक हुई। अब मास्टर ट्रेनर ब्लॉक में शिक्षकों को पांच-पांच दिनों की ट्रेनिंग देंगे। ब्लॉक स्तर पर 15 दिसंबर से प्रशिक्षण का कार्य शुरू होगा।

### शिक्षकों की ट्रेनिंग से स्कूलों में पढ़ाई होगी प्रभावित

सत्र के बीच में पांच-पांच दिन की ट्रेनिंग में शिक्षकों को बुलाया जा रहा है। इस चक्कर में स्कूलों में बच्चों की पढाई प्रभावित होगी। एक तो पहले से ही एसआईआर में जिले से 6 सौ से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसके वजह से स्कूलों में पढाई ठप्प हुई, वहीं अब ट्रेनिंग की वजह से स्कूलों में कोर्स पूरा नहीं हो पा रहा है।

## क्रशर प्लांट में घुसकर दो ट्रैक्टरों से 50 लीटर डीजल की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्थित क्रशर से शनिवार की रात में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा क्रशर में खडी दो ट्रैक्टरों से 50 लीटर डीजल की चोरी कर ली गई ,यह सारा मामला क्रशर स्थित सीसीटीवी में कैद हो गया। पूरा मामला जिले के मां समलेश्वरी स्टोन क्रशर प्लांट का जहां, शनिवार की रात लगभग 1 बजे के आसपास एक अज्ञात व्यक्ति नें क्रशर में खडी दो ट्रैक्टरों से तकरीबन 50 लीटर डीजल की चोरी को अंजाम दिया गया। सुबह जब क्रशर के ड्राइवरों के द्वारा ट्रैक्टर को चालू करनें की कोशिश की गई तब उन्हें पता चला की गाडी में डीजल ही नहीं हैं, जबकि उन्होंनें रात में डीजल चेक की थी। जिसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी क्रशर के मुंशी पूनम पैंकरा को दी। जब मुंशी नें सीसीटीवी फुटेज चेक किया तब उसे मामले की जानकारी मिली,जिसके बाद मुंशी नें लैंलूगा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। मुंशी पूनम पैंकरा के अनुसार ट्रैक्टर के बोनट पर चोर नें अश्लील शब्द भी लिखे थे, और ड्राइवरों की शिकायत के बाद उन्होंने कैमरे की जांच की तो पता चला की रात में करीब 1 बजे एक व्यक्ति क्रशर में घुस कर गाडी की पाइप काट डीजल की चोरी कर रहा है और रात में 2 बजें वहां से जाते हुए दिखाई दिया ।जिसके बाद सुबह उन्होंने थानें में शिकायत दर्ज कराई। इस मामलें में लैंलूंगा पुलिस के द्वारा शिकायत दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जिले में उज्जवला 3.0 के तहत फिर से शुरू हुई आवेदन की प्रक्रिया

# 10 हजार से अधिक है आय तो नहीं मिलेगा उज्जवला का कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए फिर से उज्जवला योजना 3.0 के तहत आवेदन की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। पीएम उज्जवला योजना के तहत नए कनेक्शन बांटने के लिए जिले को 5 हजार का लक्ष्य मिला है। वहीं इस कनेक्शन के लिए नए नियम भी तय किए गए हैं।

नियम ऐसे हैं कि उज्जवला की फॉर्म की जांच अपर कलेक्टर की निगरानी में 4 विभागों की समिति करेगी। समिति के निर्णय के बाद ही हितग्राहियों को फॉर्म एप्रुवल होगा जिसके बाद एजेंसी के माध्यम से आवेदनकर्ता को कनेक्शन दिया जाएगा। उज्जवला योजना की खास बात यह है कि परिवार में 10 हजार से अधिक कमाने वाले व्यक्ति इस योजना का लाभ नहीं ले सकते और किसी किसान परिवार के 2.5 एकड से अधिक कृषि भूमि होने पर भी इस योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के तहत जिले में कुल 7 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन दिया है। जिसमें से अब तक कुल 4 हजार से अधिक हितग्राही पात्र पाए गए हैं।



### चार विभागों की समिति करेगी आवेदनों की जांच

चूंकि इस योजना के तहत कुछ नियम ऐसे हैं जिसमें व्यक्ति के पास 2.5 से अधिक कृषि भूमि ना हो, परिवार का कोई सदस्य 10 हजार से ज्यादा ना कमाता हो, व्यावसायिक करदाता ना हो, आयकर का भुगतान ना करता हो, मोटर चलित 3 या 4 पहिया वाहन ना हो, मछली पकडने वाला नाव ना हो इसलिए उज्जवला योजना में मिले आवेदनों की जांच चार विभाग की समिति करेगी। इस समिति में कृषि विभाग, परिवहन विभाग, उद्योग विभाग और खाद्य विभाग शामिल है। इन समितियों की निगरानी अपर कलेक्टर करेंगे।

### जिले को मिला है 5 हजार का लक्ष्य

उज्जवला योजना के तहत जिले को कुल 5 हजार 1 सौ 5 उज्जवला योजना के कनेक्शन बांटने का लक्ष्य खाद्य विभाग को मिला है। इसमें रायगढ को 1105, पुसौर ब्लॉक को 700, खरसिया ब्लॉक को 700, तमनार को 600, घरघोडा को 600, लैंलूंगा 600 और धरमजयगढ को 800 सौ कनेक्शन का लक्ष्य मिला है। अब तक विभाग को 7 हजार 3सौ 81 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें से अब तक 4400 आवेदनों को कनेक्शन के लिए स्वीकृती विभाग के द्वारा दी जा चुकी है ।

### अवैध महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध सुबह भोर में ग्राम टेका में सघन रेड कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम टेका के कुधरीपारा क्षेत्र में संदेहियों के घरों की तलाशी ली। इसी दौरान संदेही कमला निषाद के घर दबिश देकर उसे तलब किया गया। अवैध महुआ शराब के संबंध में पूछताछ करने पर वह पहले आनाकानी करती रहीए किंतु लगातार पूछताछ पर उसने स्वीकारा और अपने घर के आंगन से 6 लीटर महुआ शराब निकालकर पुलिस के समक्ष प्रस्तुत की, जिसे अवैध बिक्री के लिए रखना बताईए जिसे विधिवत जब्त किया गया। आरोपिया श्रीमती कमला निषाद पति रामप्यारी निषाद 33 वर्ष निवासी ग्राम टेका कुधरीपारा थाना कोतरारोड़ के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### डीजल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से चालक सीमेंट लोड़कर अंबिकापुर आया था और ट्रक खाली नहीं हो पाने के कारण रिंग रोड किनारे पार्क कर सो गे था। देर रात 3 बजे डीजल टंकी की तरफ से आवाज आई तो चालक नीचे उतकर देखा जहां तीन से चार नकाबपोश डीजल चोरी कर रहे थे। जब चालक ने मना किया तो चाकू, गुप्ती से मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी, बसंत लोनी की पहचान की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनायी गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद गाड़ी अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही है। ऐसे में पुलिस ने वाहन का पीछाकर रतनपुर के पास उन्हें पकड़ा। इस दौरान कार सवार रितेश तिवारी ही पुलिस ने हाथ लगा जबकि अन्य भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने एमपी शहडोल के ग्राम रस्मोहनी निवासी 28 वर्षीय रितेश तिवारी आ. बद्रीनाथ तिवारी को गिरफ्तार करने के साथ ही बलेनो कार क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3139 व 200 लीटर डीजल, पाइप जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एएसआई अदीप सिंह, नितिन सिन्हा, अमित विश्वकर्मा, साइबर सेल अंबिकापुर से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, जीतेश साहू, रमन मण्डल, बृजेश राय सक्रिय रहे।

### आपस में भिड़े गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक

**अम्बिकापुर।** बतौली क्षेत्र के बेलकोटा की दो निजी गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़ गए। गन्ना खरीदी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिससे एक संचालक के सिर में गंभीर चोट आया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीराम फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कट्टा लहराने का मामला दर्ज हुआ था, जिस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। इसी पुराने विवाद को आधार बनाकर दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हो गया। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों फैक्ट्रियों के संचालक और समर्थक आमने-सामने भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि श्रीराम फैक्ट्री संचालक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में बतौली थाना पहुंच गया। वहीं महामाया फैक्ट्री संचालक को भी अंदरूनी चोटें आने से घायल हो गया। इस संबंध में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर ली है। मारपीट, धमकी, पुरानी रंजिश और अवैध संचालन से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को छोड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता। फिलहाल महामाया गुड़ फैक्ट्री के संचालक अंकुर हाडा एवं हर्ष हाडा सहित अन्य 7 लोग के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) तथा राम गुड़ फैक्ट्री के संचालक पवन तोमर एवं उनके पुत्र रोहन तोमर, जबरुदीन,जावेद के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवा क्रिकेटर का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिला

**कोतबा।** नगर के गोलियागढ़ मार्ग पर मंडी प्रांगण के पास रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान कोतबा के वार्ड क्रमांक 15, बैगाबहार निवासी रविप्रकाश तिर्की (32 वर्ष) के रूप में हुई है, जो क्षेत्र के एक बेहतरीन युवा क्रिकेटर भी थे। पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या इसे सड़क दुर्घटना का मामला बताया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 7 बजे कोतबा निवासी कमलेश साहू मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क किनारे झाड़ियों मे एक अज्ञात युवक के शव पर गई। युवक मुंह के बल गिरा हुआ था।

आरएमसी और स्मार्ट सिटी के अधीन पार्क रखरखाव के अभाव में खो रहे हैं आकर्षण

# उपेक्षा की भेंट चढ़ते शहर के पार्क : करोड़ों खर्च, फिर भी बदहाल व्यवस्था: डॉ यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



राउरकेला महानगर निगम आरएमसी के अंतर्गत शहर के 40 वार्डों में कुल 114 पार्क मौजूद हैं। इनमें से 8 पार्कों का सौंदर्यीकरण राउरकेला स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत किया गया था, जबकि शेष पार्कों के विकास और आकर्षण बढ़ाने के लिए आरएमसी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाखों से लेकर करोड़ों रुपए तक खर्च किए। खासकर विश्व पुरुष हॉकी प्रतियोगिता से पूर्व इन पार्कों को चमकाने का दावा किया गया था, लेकिन नियमित रखरखाव के अभाव में आज अधिकांश पार्क बदहाली का शिकार हो चुके हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव ने कहा पूर्व सरकार के कार्यकाल में पार्कों के रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह एसएचजी की महिलाओं को सौंपी गई थी, जिन्हें मासिक 6 से 7 हजार रुपए मानदेय दिया जाता था। सरकार बदलने के बाद मानदेय बंद होने से एसएचजी महिलाओं ने काम छोड़ दिया, जिससे पार्कों की देखरेख लगभग ठप हो गई। हाल ही में कुछ एसएचजी को तीन माह का एकमुश्त भुगतान किया गया, लेकिन इससे स्थिति में कोई खास सुधार नहीं दिख रहा है। कई पार्कों में लाइटें खराब पड़ी हैं, कूड़े.कचरे के ढेर लगे हैं, शौचालय अनुपयोगी हैं और पानी की व्यवस्था होने के बावजूद लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पार्कों में ताले लगाकर निजी उपयोग किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। दीवारें टूट चुकी हैंए लोहे की ग्रिल चोरी हो गई हैं और महंगे खेल उपकरण व बेंचें टूट.फूट का शिकार हैं। शाम ढलते ही कई पार्क शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बन जाते हैं। दिन में आवारा पशुओं का कब्जा रहता है। बच्चों के मनोरंजन और नागरिकों की सेहत के लिए बनाए गए ये पार्क आज उपेक्षा के प्रतीक बन गए हैं। स्थानीय नागरिकों में भारी असंतोष है और नई सरकार से अपेक्षा की जा रही है कि वह पार्कों को पुनः उपयोगी और सुरक्षित बनाने को प्राथमिकता दे।

## ढेंकानाल में भीषण सड़क हादसा, हाइवा-कार की टक्कर में पत्रकार व परिवार घायल



**राउरकेला।** ढेंकानाल सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गेंगुटिया के पास सोमवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना में पत्रकार देवव्रत पटनायक और उनकी पत्नी इतीश्री पटनायक गंभीर रूप से घायल हो गएए जबकि उनका पुत्र भी चोटिल हुआ है। यह हादसा हाइवा और कार की आमने.सामने की टक्कर से हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार देवव्रत पटनायक फर्टिलाइज़र मॉडर्न इंडिया से जुड़े हैं और अपने परिवार के साथ राउरकेला में रहते हैं। वे सोमवार सुबह अपनी पत्नी और पुत्र के साथ कार से पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए निकले थे। दोपहर लगभग 1 बजे ढेंकानाल मार्ग पर गेंगुटिया के समीप अचानक सामने से आ रही हाइवा से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में कार चला रहे देवव्रत पटनायक के सीनेए हाथ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि आगे की सीट पर बैठी उनकी पत्नी इतीश्री पटनायक के दाहिने हाथ और पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पीछे की सीट पर बैठे उनके पुत्र को भी चोटें आई हैंए हालांकि उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया। ढेंकानाल सदर थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर को रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर सर्वप्रथम जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला न्यायालय रायगढ़ के न्यायालयीन सभागार में माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का शुभारंभ किया।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे.मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरणए आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ.साथ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए, जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं तहसील सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ के न्यायालयों में तथा परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 26 खण्डपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। खण्डपीठों में 7792 लंबित प्रकरण एवं 805816 प्रीलिटिगेशन प्रकरण अर्थात कुल 813608 प्रकरण को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। इस प्रकार रखे गये कुल 813608 प्रकरणों में से 6992 लंबित प्रकरण एवं 712179 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए। इस प्रकार कुल 719171 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 38 करोड़ 83 लाख 90 हजार 829 रुपए का सेटलमेंट हुआ।

### क्रीड़ा के क्षेत्र में सुंदरगढ़ महत्वपूर्ण केंद्र : ओराम

**सुंदरगढ़।** स्थानीय भवानीपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में शनिवार 13 दिसंबर को जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया गया। समारोह में केंद्रीय आदिवासी व्यापार मंत्री एवं सांसद जुएल ओरामए ओड़िशा विधान सभा उपाध्यक्ष भवानि शंकर भोईए सुंदरगढ़ नगर परिषद की अध्यक्ष तनया मिश्र, जिलापाल डॉ. शुभंकर महापात्र, भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुभद्रा प्रधान और खेल विशेषज्ञ प्रतीक महाराणा शामिल हुए। जिलापाल डॉ.महापात्र ने स्वागत भाषण में कहा कि यह महोत्सव ग्रामीण और ब्लॉक स्तर से प्रतिभाओं की खोज और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने उद्घाटन भाषण में कहा, सुंदरगढ़ जिला खेलों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है। सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाएगा।

## सड़क पर जान गंवा रहे वन्यजीव, वाहन की टक्कर से साभर की हुई मौत



**कटेली।** सड़क पर दुर्घटनाओं में वन्यजीवों की मौत होना आम बात हो गई। इस हाईवे पर जंगली बंदर एवं सियार सर्वाधिक शिकार बनते हैं। हालांकि बरमकेला मार्ग में सड़क किनारे के ऊपर वन विभाग ने चेतावनी बोर्ड लगा रखा है, लेकिन इसकी परवाह किए बिना बरमकेला मार्ग के अभ्यारण क्षेत्र से गुजरने वाले वाहनों की गति पर कोई अंकुश नहीं लग रहा। बरमकेला क्षेत्र के वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग लाचार नजर आता है। सारंगढ़ के प्रशिद्ध गोमर्डा अभ्यारण के पास ग्राम मल्दा ब सारंगढ़ बरमकेला मार्ग मे हिरण प्रजाति की शांभर की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर होने पर मौत हो गई। शनिवार सुबह लगभग 8 बजे राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी की बंजारी मंदिर के ऊपर बरमकेला रोड मे वन्य जीव शाभर मृत हालत मे है जिस पर तत्काल वन विभाग की टीम पहुंच कर विधिवत जांच कर दाह संस्कार किया गया है।

### दाह संस्कार किया गया

प्रथम दृष्टिया अज्ञात वाहन से टक्कर से मौत होना लग रहा है, जांच उपरान्त ही पुस्टि की जा सकेगी। अभी शव को दाह संस्कार किया गया है।

-**हीरालाल सर्जाल**, वन परिक्षेत्र अधिकारी, गोंर्मडा अभ्यारण बरमकेला

## विद्यालय के रमणीय वातावरण और संस्कार से अभिभूत हूं : सिन्हा



**रायगढ़।** जब हम रायपुर से चले और आप के कटाईपाली तक के थकावट विद्यालय के अंदर प्रवेश करते ही रमणीय वातावरण से दूर हो गए। बेटियों का बैंड घोष और तलवार के साथ स्वागत मन को वीर भाव से ओत प्रोत करने वाला दृश्य था।

जिस तरह से हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में वनों में जाकर विद्यार्थी आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते थे वैसे ही यहां के पेड़ पौधे यहां के वातावरण को सकारात्मक बना रहा है उपरोक्त उदगार योग आयोग छग़ शासन के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में आयोजित निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण, योग प्रदर्शन एवम् अतिथि कक्ष भूमि पूजन समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कहा। आगे विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा कि आप विद्या अध्ययन करते हुए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ें और साथ साथ राष्ट्रीयता को जीवन में अवश्य धारण करें। अपने जीविकोपार्जन के साथ साथ राष्ट्र की सेवा भी जरूरी है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं जिस मनोयोग से यहां कार्य कर रहे हैं उसकी झलक बच्चों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है इनका इतना सुंदर योग प्रदर्शन बच्चों को स्वस्थ रखने में सहायक है प्रदर्शन की बहुत सी विधाएं हमारे शौर्य के प्रतीक भी हैं जिन्हें यहां के बच्चे संजो कर रखे हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान जोगी राम आर्य ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को एक मॉडल विद्यालय निरूपित करते हुए यहां के बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा किए। आर्य समाज बैजनाथ पारा रायपुर के प्रधान एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष योगी राम साहू ने बहुत ही सुंदर कविता एवं गीत के माध्यम से विद्यालय की छटा का तारीफ करते हुए बच्चों के अंदर उत्साह का संचार किया और आगे परीक्षा के लिए शुभाकामनाएं प्रदान किया। टी आर एन एनर्जी के सुरक्षा अधिकारी वायुनंदन पांडे ने अच्छी शिक्षा के लिए विद्यार्थी शिक्षक और पालक के मध्य सुन्दर तालमेल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोगों से सहयोग प्राप्त कर विद्यालय हेतु अतिथि कक्ष निर्माण करने की योजना बनाई गई है जिसका भूमि पूजन भी किया गया। उपस्थित अतिथियों ने इसके लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया इस कड़ी में पत्रकार अशोक भगत ने 21000 रुपए की घोषणा किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती नीलिमा तंबोली सहित समस्त स्टाफ अतिथि जन बृज कुमार साहू मंत्री आर्य समाज बैजनाथ पारा रायपुर सच्चिदानंद पटनायक, सेवा निवृत शिक्षक हरिशरण राठिया, अध्यक्ष शाला विकास समिति, भोलेश्वर राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत कटाईपाली सी लक्ष्मण प्रसाद तांडे प्राचार्य, फागू लाल डनसेना, राजकुमार बेहरा, जुगुत राम खूंटे, कन्हैयालाल डनसेना, संत राम राठिया, बाला राम राठिया, नारायण दास महंत, नीलांबर राठिया, चुन्नी लाल डनसेना, संतोष सिंह, बीईओ घरघोड़ा, मनबोध बेहरा, गौ विज्ञान परीक्षा जिला प्रभारी, सिंग राज राठिया उपस्थित थे।

### लोदाम में 40 क्विंटल धान जब्त

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन के बीच सरहदी राज्यों से अवैध धान की आमद पर जशपुर पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी क्रम में लोदाम थाना क्षेत्र अंतर्गत शंख नदी पुल के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से अवैध रूप से लाया जा रहा 40 क्विंटल धान जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान दो पिकअप वाहन और 96 बोरी धान पकड़ा गया, जिसकी कीमत लगभग 92 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर की रात करीब 9 बजे लोदाम पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी शंख नदी पुल के पास संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान झारखंड की ओर से आ रही दो पिकअप वाहनों क्रमांक जेएच-01 -एफडी -3309 और जेएच-01 -इयू-0967 को रोककर तलाशी ली गई। दोनों वाहनों में 48-48 बोरी, कुल 96 बोरी धान भरा मिला, जिसका कुल वजन 40 क्विंटल था। वाहन चालकों ने पूछताछ में अपना नाम साजिद आलम उम्र 27 वर्ष, निवासी गुलाम आजाद बस्ती, गुमला झारखंड और जिसान आलम उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम पिस्का, नगड़ी, जिला रांची बताया। दोनों ने धान झारखंड के सिसई और नागफनी क्षेत्र से लाना स्वीकार किया, लेकिन धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

## कुष्ठ की सघन जांच खोज अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



शासन के आदेशानुसार एकलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर जिले में कुष्ठ बीमारी की सघन जांच खोज अभियान जारी है उक्त खोज अभियान 8 दिसंबर से चालू हुआ है 8 से 13 दिसंबर तह कुल 6 दिनों में 203611 लोगों की जांच की जा चुकी है इसमें 490 शंका प्रद मरीज पाए गए है इसमें से 168 शंका प्रद मरीजों का सत्यापन भी हो चुका है और अब तक के सत्यापन में कुल 16 नए कुष्ठ के मरीज की पहचान की गई जिसमे 7 मरीज के है तथा 9 मरीज डठ कैटिगरी है इन सबका उपचार भी प्रारंभ हो चुका है मितानिन अपने पारे के प्रत्येक घर में जाकर 2 वर्ष के बच्चे को छोड़कर अन्य सभी की जांच कर रहे है और शंका प्रद मरीज की लाइन लिस्टिंग कर रहे है कुष्ठ की शंका कब करे।

शरीर के किसी भी भाग के चमड़ी के रंग में बदलाव दाग जिसमे सुन्नपन हो। दाग धब्बे में मोटापन एवं उभार हो। तेलिया चमकदार चेहरा हो, चमड़ी में गठान हो, कान में मोटापन, गठानें एचेहरे में गठानें, आंख का बंद न होना, आंख से आंसू आना। भौहें का बाल का झड़ जाना। 8 नाक का चिपटा एवं चिपका हुआ होना। शरीर के बाहर के नसे मोटा होना। कोहनी एघुटना एवं एडी में मामूली से लगने से ज्यादा दर्द का होना एवं झुनझुनी होना। दाग धब्बे की जगह पर ठंडे गरम का आभास न होना है, हथेली में सुन्नपन का शिकायत पैर में सुन्नपन का शिकायत, तलवे में बिना दर्द के घाव, घाव का न भरना 13 हाथ की उग़लियां मूड जाना एहाथ से किसी वस्तु को पकड़ न पाना, पकड़ ढीला होना शर्ट या जैकेट के बटन न लगा पाना, हाथ पैर में झुनझुनी का होना 14 हाथ के उंगली एवं पैर के अंगूठे में दर्द का होना। 15 हाथ पैर में बिना दर्द के धावक होना, घाव का फट जाना गड्ढा हो जाना घाव का न भरना। पैर में कमजोरी का होना पैर से चप्पल का निकल जाना और पता न चलना 17 हाथ एवं पैर का झूल जाना आदि। मितानिन अपने पारे में घर घर जा कर एक एक व्यक्ति की शरीर को चेक करके ऐसे लक्षण के आधार पर शंका प्रद मरीज को ढूंढ रहे है और ऐसे व्यक्तियों की लाइनलिस्टिंग कर रहे है सभी मितानिन ऐसे लक्षण वाले व्यक्तियों की सूची अपने एवं दे रहे है। इसकी प्राथमिक जांच करके सूची को अपने अपने को दे रहे जहां इसकी सूची तैयार होगी और मेडिकल ऑफिसर इन मरीजों को बुला कर इसकी सत्यापन करेंगे कुष्ठ की पुष्टि होने पर इनका पंजीयन किया जाएगा। दस्तावेजी कार्यवाही के बाद इनको सुपरवाइजरी डोस खिलाएंगे और उन्हें देंगे मरीज को अगली दवाई की स्ट्रिप उन्हें मितानिन के माध्यम से उन्हें अपने गांव में हो मिलजाती है इसे सभी मरीजों को अच्छे काउंसलिंग करनी चाहिए आम जनता से निवेदन है कि आप सभी अपनी जांच करा लीजिए।

## एचडीएफसी बैंक के सीएसआर के तहत अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



एचडीएफसी बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट वाटर संस्था द्वारा रायगढ़ जिले के दस चयनित शासकीय स्कूलों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इन स्कूलों में 24 घंटे स्वच्छ पेय जल के लिए वाटर फिल्टर की स्थापना शौचालय का जीर्णोद्धार, स्मार्ट क्लास, लैब और लाइब्रेरी की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं।

इन सभी गतिविधियों की पूर्णता के बाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केवड़ाबाडी में परियोजना हस्तांतरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिामें मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी और छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ राज्य गीत के साथ हुई। उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन आलोक स्वर्णकार ने दिया जिसके बाद वाटर संस्था से कृष्ण मुरारी ने चल रही परियोजना और कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। स्मार्ट स्कूल हस्तांतरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने एचडीएफसी बैंक सीएसआर अंतर्गत स्कूल में हुए गुणवत्तापूर्ण कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सरकारी स्कूलों में खासकर रायगढ़ शहर के अंदर वे सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगी जो निजी स्कूलों में बच्चों को मिलती हैं। उन्होंने जोर दिया कि आधुनिक सुसज्जित स्मार्ट क्लास से बच्चे डिजिटली सभी विषयों की पढ़ाई कर पाएंगे और समकक्षता प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा बच्चों के सशक्त होने से परिवार और आने वाला समय मजबूत होगा। श्री चौधरी ने केवड़ाबाडी स्कूल में किए गए लैब लाइब्रेरी ड्रिंकिंग वाटर यूनिट और स्मार्ट क्लास का फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया और कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास में बच्चों से उनके विषयों से संबंधित बातचीत की और उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रायगढ़ महापौर जीवर्धन चौहान शाला विकास समिति अध्यक्ष अनिल यादव जिला शिक्षा अधिकारी श्री राव विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल, जिला मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार सहायक कार्यक्रम समन्वयक भुनेश्वर पटेल, प्राचार्य केवड़ाबाडी वीएन मोदी प्राचार्य चांदमारी श्रीमती दीप्ति अग्रवाल एचडीएफसी बैंक मैनेजर राजेश महतो, एचडीएफसी सीएसआर छत्तीसगढ़ प्रमुख प्रशांत बर्मन वाटर संस्था से कृष्ण मुरारी अजय सिंह रावेंद्र गुप्ता देवेंद्र बैरागी अर्पित सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य वरिष्ठ नागरिक शाला के छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## खेतों में स्थापित नलकूपों से हो रहा लगातार केबल चोरी



**पुसौर।** थाना मुख्यालय पुसौर के कृशकों द्वारा सिंचाई कार्य हेतु स्थापित उनके नलकुपों से लगातार केबल वायर चोरी होने से परेशान होकर बीते दिनांक को थाना कार्यालय पहुंच कर उक्ताशय का आवेदन प्रस्तुत करते कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक पुसौर के प्रायः सभी ओर किसानों ने अपने अपने सुविधा एवं आवश्यकतानुसार नलकुप स्थापित कर सिंचाई सुविधा प्राप्त कर रहे हैं और फसल ले रहें है। उक्त नलकुपों में केबल वायर बाहर ही रहता है जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया जाता रहा है जिससे संबंधित कृशक गण परेशान है। थाना कार्यालय पहुंचे किसानों में पार्शद रूपेष साव, मोहन गुप्ता, रामेष्वर साव, त्रिनाथ प्रधान, भगत गुप्ता, गौतम गुप्ता, पार्शद पति गोपाल सौंरा, शुकरू गुप्ता, दनार्दन गुप्ता, बल्लभ गुप्ता, व बद्रीनाथ गुप्ता ने आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि इस तरह के चोरी से हमारे रबि फसल प्रभावित हो रहा है इसलिये हो रहे चोरी पर कार्यवाही करते हुये उसमें अंकुश लगाना आवश्यक है। इस संबंध में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि शासन द्वारा हर वर्ग को संपन्न बनाने को हर संभव सुविधा मुहैया किया जा रहा है इसके बावजूद भी इस तरह के केबल चोरी समाज विकास के खिलाफ है जिस पर नकेल कसने की जरूरत है।



# लौट रहा 'मास्टर शेफ इंडिया', रणवीर ने 'धुरंधर' स्टाइल में किया ऐलान...

**नई दिल्ली।** टीवी का सेलिब्रिटी कुकिंग शो मास्टर शेफ इंडिया लौट रहा है। इस लोकप्रिय शो के जज ने इसके नए सीजन का ऐलान किया। शेफ विकास खन्ना ने एक मजेदार पोस्ट के साथ शो के नए सीजन का ऐलान किया। उन्होंने मास्टर शेफ के किचन में कुणाल कपूर की वापसी की खुशखबरी भी शेयर की। विकास खन्ना कहते हैं कि कुणाल सिर्फ एक कलीग नहीं बल्कि उनके सबसे करीबी दोस्त भी हैं। रणवीर बरार ने भी एक मजेदार अंदाज में एक पोस्ट शेयर कर शो के नए सीजन का ऐलान किया। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विकास , रणवीर बरार और कुणाल कपूर मजेदार अंदाज में "धुरंधर' के मोस्ट पॉपुलर सॉन्ग 'एफए9एलए' में डांस करते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# शुभांगी



अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। अनुपम खेर की प्रेरणादायक और पसंद की जाने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को एक और बड़ी खुशी मिली है।

## 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मिला ऑस्ट्रेलिया में पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म की मुख्य शुभांगी दत्त ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया है। शुभांगी दत्त के साथ इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, अरविंद स्वामी, नास्सर, इयान ग्लेन और करण टक्कर जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं। अनुपम खेर ने कहा कि शुभांगी इस अवॉर्ड की पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने तन्वी को बेहद ईमानदारी से निभाया। 'तन्वी द ग्रेट' दिल से बनी फिल्म है और इसे विदेशों में सराहना मिलना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म और भी जगहों तक पहुंचे। अवॉर्ड पर भावुक होकर शुभांगी दत्त ने कहा कि यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। तन्वी का किरदार निभाने के लिए सच्चाई, हिम्मत, मेहनत और दिल की मजबूती चाहिए थी, और मुझे खुशी है कि दुनिया के लोगों ने इस फिल्म को अपना प्यार दिया। मैं अनुपम सर की आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत रोल दिया। यह सम्मान हमारी पूरी टीम का है। 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला है, जो लेखकों अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन को मिला।

## हॉलीवुड मसाला



# अवतारः फायर... की शानदार शुरुआत

**मुंबई।** जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड एश' 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। 'अवतार' और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की जबरदस्त सफलता के बाद यह तीसरी किस्त है, जिससे निर्माताओं की बहुत उम्मीदें जुड़ी हैं। भारत में फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। हालांकि, एक मामले में फिल्म, दूसरी किस्त के मुकाबले सुस्त नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'अवतारः फायर एंड एश' ने भारत में अब तक 50,000 से ज्यादा टिकट बेच दिए हैं।



# बुरे लोगों से दुनिया बचाने निकली 'सुपरगर्ल', धमाकेदार टीजर जारी

**मुंबई।** डीसी यूनिवर्स ने 'सुपरमैन' सीरीज की अगली फिल्म 'सुपरगर्ल' का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है। मुख्य किरदार मिली एल्कॉक निभा रही हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से पहले भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। मिली एक सुपरगर्ल के किरदार में हैं, जिसका मिशन बुरे लोगों से दुनिया को बचाना है, और इसमें उसका साथ एक अनजान लड़की देती है। टीजर पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं कुछ को टीजर देखकर फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' याद आ गई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सुपरगर्ल' के टीजर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया है। प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आखिरकार सुपरगर्ल को सही तरीके से पेश किया गया है!' दूसरे ने लिखा, 'मुझे यह बहुत पसंद आया!!' एक अन्य ने लिखा, 'यह मार्वल की गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी की याद दिलाती है, लेकिन ज्यादा महिला बॉस के साथ।' 'सुपरगर्ल' का निर्देशन क्रेग गिलेस्पी ने किया है।



# बॉयफ्रेंड संग निकलीं सैर-सपाटे पर...


**मुंबई।** टीवी शो 'कितनी मोहब्बत हैं' की अभिनेत्री कृतिका कामरा इस वक्त खूब चर्चा में हैं। 12 दिसंबर को उनकी फिल्म 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है, जिसे लोगों ने ठीक-ठाक बताया है। दूसरी ओर, अभिनेत्री अपने बॉयफ्रेंड गौरव कपूर के साथ सैर-सपाटा का आनंद उठा रही हैं। कृतिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर गौरव संग अपने रिश्ते की पुष्टि की है। वीडियो में दोनों को साथ देखकर उनके प्रशंसक भी काफी खुश हैं। कृतिका और गौरव ने रिश्ता आधिकारिक करने के बाद, पहली बार सार्वजनिक तौर पर उपस्थिति दर्ज कराई है। वीडियो में दोनों का लुक काफी कैजुअल नजर आ रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगे हैं। कृतिका और गौरव को साथ में देखकर प्रशंसक भी वीडियो पर दिल वाली इमोजी भेज रहे हैं।




# पापियों की दिशा-दशा बदलने आए वरुण

**मुंबई।** जी स्टूडियो के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म 'राहु केतु' के नए पोस्टरों ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में हैं। उनके साथ शालिनी पांडे नजर आएंगी। टीजर से फिल्म की कहानी का अंदाजा लग गया था, लेकिन अब पुलकित और वरुण के किरदारों का नए अंदाज में पेश किया गया है। निर्माताओं ने पोस्टर के जरिए बताया कि 'राहु केतु' पापियों की दिशा और दशा बदलने आ रहे हैं। इस आगामी कॉमेडी फिल्म में, वरुण राहु का किरदार निभा रहे हैं। उनका पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'आ गए हैं राहु, जो तोड़ेंगे सबके पापों का घड़ा!' पुलकित केतु के किरदार में हैं, जिनके पोस्टर के साथ कैप्शन दिया गया, 'ये हैं केतु, जिनके आने से बदलेगी पापियो की दशा और दिशा!'

## टीवी मसाला



# शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। स्टार प्लस हमेशा से ही दर्शकों के लिए अलग और याद रहने वाली कहानियां लाने के अपने वादे पर कायम रहा है। टेलीविजन के कुछ सबसे आइकॉनिक और ट्रेंड सेट करने वाले शो देने वाला यह नंबर-वन चैनल अब एक बार फिर एक दमदार कहानी लेकर लौटा है, अपने नए ड्रामा 'शहज़ादी है तू दिल की' के रूप में। यह शो, जिसका हाल ही में प्रीमियर हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी और गहरी भावनाओं के कारण दर्शकों को शुरू से ही बांधने में सफल रहा है। मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि दीपा, अपने पति की तलाश में हैदराबाद पहुँचती है, लेकिन वहां उसे एक ऐसा सच पता चलता है जो उसकी पूरी ज़िंदगी हिला देता है।

दरअसल उसका पति उसे शुरू से ही झूठ बोलता आ रहा था। दीपा की यह यात्रा एक बड़े सवाल को सामने लाती है कि इतने बड़े धोखे के बाद क्या वह फिर कभी किसी पुरुष पर भरोसा कर पाएगी? शो के नए प्रोमो में कहानी भावनात्मक मोड़ लेती है। हम देखते हैं कि दीपा अपने बच्चे के पिता की तलाश में बेचैन होकर इधर-उधर भटक रही है। वह अपनी ज़िंदगी और अपने भविष्य को लेकर एक साफ़ जवाब चाहती है। लेकिन इसी तलाश में उसे एक ऐसा सच मिलता है जो उसका दिल तोड़ देता है, उसका पति, भानु, दूसरी शादी कर चुका है। जब दीपा उसका सामना करती है, तो भानु मान लेता है कि उसने यह कदम अपनी माँ के दबाव में उठाया था। यह सच सुनकर दीपा पूरी तरह टूट जाती है। दर्द और सदमे के बीच वह फैसला करती है कि अब उसे खुद को इन टूटे हालात से बाहर निकालना होगा और नई ज़िंदगी खड़ी करनी होगी। ठीक उसी समय, जब वह हिम्मत जुटाकर आगे बढने की कोशिश करती है, किस्मत उसे कार्तिक के सामने ला खड़ा करती है। यहीं से उसकी कहानी एक नए और बेहद ताक़तवर मोड़ की ओर बढ़ती है।

# अभय वर्मा की फिल्म 'छूमंतर' से बाहर हुईं अनन्या पांडे...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कामकाजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक तरफ वह आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसमें उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। दूसरी तरफ अभिनेत्री अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में जुटी हैं। हालांकि, नई जानकारी प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी क्योंकि आगामी फिल्म 'छूमंतर' से अनन्या बाहर हो गई हैं।

***'छूमंतर' छोड़ने की वजह काफी बड़ी :*** मीडिया से बातचीत में एक सूत्र ने अनन्या द्वारा अभय वर्मा अभनीत 'छूमंतर' छोड़ने की वजह बताई है। सूत्र ने कहा, फिल्म की टीम जनवरी, 2026 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। यह 'कॉल मी बे 2' की शूटिंग से टकरा रहा है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने जल्द ही साथ काम करने के वादे के साथ अलग होने का फैसला किया है।"

***इन अभिनेत्रियों के नाम पर चर्चा :*** सूत्र ने



कहा, पिछले हफ्ते 3 कलाकारों संग एक मॉक शूट हुआ था। इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा की तैयारी कई महीनों से चल रही है और अगले हफ्ते से वर्कशॉप शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'छूमंतर' से अनन्या की विदाई के बाद कास्ट में कथित बदलाव हुए हैं। 'वश' अभिनेत्री जानकी बोडीवाला और श्रीलीला, अभय के साथ 'छूमंतर' का हिस्सा बन सकती हैं। इस बीच, अनन्या की फिल्म ''तू मेरी मैं तेरा...'' 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

# रजनीकांत को इन फिल्मों ने बनाया सिनेमा का सुपरस्टार

**मुंबई।** सिनेमा के दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्मी पर्दे पर जबरदस्त एक्शन करना और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ना इस बात का सबसे बड़ा सबूत है। 'थलाइवा' नाम से मशहूर रजनीकांत 74 साल के हो गए हैं, लेकिन अपने हर स्टाइल से वह युवा अभिनेताओं को कड़ी टक्कर देते हैं। आइए उनकी उन फिल्मों के बारे में जानें, जिन्होंने उन्हें सिनेमा के सुपरस्टार का खिताब दिलाया है।

**'रोबोट' फ्रैंचाइजी:** रजनीकांत की सांइस-फिक्शन फिल्म 'रोबोट' साल 2010 में रिलीज हुई थी। ऐश्वर्या राय मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं। फिल्म को दुनियाभर से बेशुमार प्यार हासिल हुआ था। निर्माता 2018 में इसकी दूसरी किस्त '2.0' लेकर आए जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार अहम किरदार में थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 675



करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर डाली। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद '2.0' की कहानी रोबोट चिट्टी और मनुष्य पक्षी के बीच प्रकृति बनाम तकनीक पर आधारित है।

**'जेलर' और 'कबाली' :** वर्ष 2023 में रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' रिलीज हुई जिसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इसने दुनियाभर में 605 करोड़ का कारोबार किया था। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म मुथुवेल पांडियन नाम के एक रिटायर्ड जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है। रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' भी कमाई में पीछे नहीं रही। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 295 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुनी गई है।

**'दरबार' और 'कुली':** रजनीकांत की फिल्म 'दरबार' ने दुनियाभर में 226 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म की कहानी मुंबई पुलिस और कुख्यात ड्रग तस्कर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म ने अभिनेता ने पुलिस कमिश्नर आदित्य का किरदार निभाया है। 2025 में रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई, जिसने 516.93 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन किया। इस फिल्म की कहानी कुली यूनियन नेता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दोस्त की हत्या का बदला लेना चाहता है।

## 'छावा' 150 करोड़ में बनी, इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए

# 'धुरंधर' से पहले इन फिल्मों ने 2025 में की खूब कमाई, दुनियाभर में बजा डंका

***मुंबई।** अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। फिल्म ने सिर्फ 6 दिनों में 180 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया है, जबकि दुनियाभर में आंकड़ा 274 करोड़ के पार हो गया है। 2025 के जाने से पहले बॉक्स ऑफिस को एक और जश्न मनाने का मौका मिल गया है। 'धुरंधर' से पहले 2025 में कई फिल्में आईं जिन्होंने न सिर्फ बजट वसूला, बल्कि अपनी कमाई से दुनियाभर में तहलका भी मचाया।*

### 'कांतारा 2' और 'छावा'





आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, पहला नाम सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी का है, जिनकी 'कांतारा: चैप्टर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म का बजट 130 करोड़ था, और इसने दुनियाभर में 853.4 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। हिंदी फिल्मों में यह रिकॉर्ड विक्की कौशल के नाम रहा। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने इस साल की शुरुआत में धूम मचा दी। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए हैं।

### 'सैयारा' और 'कुली'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने 2025 में लोगों की खूब वाहवाही लूटी। अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म ने दुनियाभर से 575.8 करोड़ रुपये बटोरे। फिल्म का बजट सिर्फ 50 करोड़ रुपये है। दूसरी तरफ, बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' का बोलबाला रहा। इस फिल्म को बनाने में निर्माताओं ने 350 करोड़ खर्च किए। रिलीज के बाद 'कुली' ने दुनियाभर में 516.7 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। इस फिल्म में आमिर खान का कैमियो है।





### महावतार नरसिम्हा' और 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा'

2025 में उम्मीदों से परे जाकर एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने हर किसी की तारीफ बटोरी। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सिर्फ 40 करोड़ के बजट में बनाया गया, लेकिन दुनियाभर में 326.1 करोड़ कमाते हुए इसने निर्माताओं को मालामाल कर दिया। इसके अलावा, 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा' भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गई। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित 40 करोड़ बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर से 302.1 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### टांगरपाली फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

**राउरकेला।** टांगरपाली फुटबॉल मैदान में रोटरी चैम्पियंस ट्रॉफी के तहत आयोजित रोटरी क्लब ऑफ़ राउरकेला मिडटाउन द्वारा प्रायोजित आरसीसी टांगरपाली का वार्षिक फुटबॉल टूर्नामेंट उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला एनके नगर और एससीएसटी क्लब सेक्टर.1 के बीच खेला गया, जिसमें एनके नगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4.1 से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मैच के दौरान खिलाड़ियों का जोश और दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ़ राउरकेला मिडटाउन के अध्यक्ष डॉ. एसके मेहर, सचिव सुकीर्ति शुक्ला, पीडीजी एफसी मोहंती, रो वज़ीर, विजय दास, असीम मोहंती, राकेश गोयल सहित अन्य रोटरी सदस्य उपस्थित रहे। लगभग 5000 ग्रामीण दर्शकों ने रोमांचक फुटबॉल मैच के साथ.साथ संगीत एवं नृत्य कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद लिया। यह टूर्नामेंट खेल के माध्यम से सामाजिक एकता और ग्रामीण प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का सशक्त उदाहरण बना।

### पतरापाली में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा कल पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में माह के द्वितीय शनिवार बेगलेस डे 13 दिसंबर मध्याह्न भोजन की सुरक्षा, स्वच्छता पर रसोईया और बच्चों का प्रशिक्षण आयोजन किया गया। उसके पश्चात सभी बालिकाओं को समूह में विभाजित कर रंगोली प्रतियोगिता किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीम सुधा राठिया, स्नेहा अगरिया एवं पंकिता राठिया द्वितीय स्थान में माही राठिया, कौशल्या अगरिया एवं वंदना निषाद एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में खुशी अगरिया, ज्योति राठिया, महिमा राठिया को पुरस्कृत किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में मालिनी राठिया दिव्यंका यादव, आशना चौहान, गायत्री राठिया, नैना राठिया, प्रिंसी यादव, रोशनी राठिया, राधा राठिया, तारा राठिया को प्रदान किया। उसके पश्चात कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक की सभी बालक बालिकाओं का सामूहिक खेल के रूप में सुनहरी मछली खेल का आयोजन किया गया। जिसमें आठवीं एवं सातवीं सभी बच्चों ने जाल फैलाने का काम किया एवं शेष सभी बच्चे सुनहरी मछली के रूप में खेल में भाग लिए यह खेल बहुत ही मनोरंजक रहा। जिसमें हमें सुनहरी मछली के रूप में तीन बच्चे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्राप्त हुए। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल केन्द्र पतरापाली, विकास खंड घरघोड़ा के संकुल प्राचार्य एमएल चौहान के द्वारा प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के रंगोली का सूक्ष्म निरीक्षण कर पुरस्कार के लिए चयन किया गया तथा उनके कर कमल द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

### शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायगढ़।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में अत्यधिक गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल जगत ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ.पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएं बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी.जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीत लहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है।

प्रशासन ने लिया संज्ञान, संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद प्रकरण दर्ज

# धान उपार्जन केंद्र बुनगा में मानक से अधिक वजन, बारदाना स्टॉक में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



विकासखंड पुसौर अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र बुनगा में धान खरीदी के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानक वजन से अधिक धान खरीदे जानेए बारदाना स्टॉक में अंतर पाए जाने तथा मोटा किस्म धान की खरीदी दर्शाकर सरना धान खरीदे जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच दल द्वारा उपार्जन केंद्र में मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान धान खरीदी नीति 2025-26 का उल्लंघन पाया गयाए जिसके आधार पर संबंधितों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केंद्र बुनगा में प्राप्त शिकायत के आधार पर तहसीलदार पुसौर, नायब तहसीलदार पुसौर, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक एवं एपेक्स बैंक के पर्यवेक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त दल द्वारा एक दिन पूर्व खरीदी गई धान की बोरियों का रैंडम वजन लिया गया, जिसमें औसतन 40 किलो 915 ग्राम पाया गया। वहीं स्टैक में रखी बोरियों का औसत वजन 40 किलो 820 ग्राम पाया गयाए जो कि शासन द्वारा निर्धारित मानक वजन से अधिक है। इसके अतिरिक्त स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 16 बोरा धान अतिरिक्त पाया गया। ऑनलाइन खरीदी पत्रक के अनुसार उपार्जन केंद्र में सरना धान 2205 क्विंटल होना चाहिए था, जबकि भौतिक सत्यापन में 2580 क्विंटल सरना धान पाया गया। वहीं 1558 क्विंटल मोटा धान के विरुद्ध केवल 1188 क्विंटल पाया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि उपार्जन केंद्र में मोटा किस्म धान की खरीदी दर्शाकर सरना धान की खरीदी की जा रही थी। इसके साथ ही नए एवं पुराने बारदाना के उपयोग में भी अनियमितता पाई गई तथा खाली नए बारदाना के स्टॉक में भी अंतर पाया गया। उपार्जन केंद्र में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने के चलते जांच दल द्वारा विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सतत निगरानी जारी रहेगी और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जांच के समय उपार्जन केंद्र में प्रबंधक डिलेश्वर प्रधान, ऑपरेटर अभिलाष गुप्ता एवं बारदाना प्रभारी श्याम सुंदर साव उपस्थित थे।

### कोसीर में मड़ाई मेला की धूम

**कोसीर।** मडाई मेला धूम मचा हुआ है आसपास दूर दराज से हजारो की संख्या मे पहुंचकर मेला की लुत्फ उठा रहे है जिसके फलस्वरूप कोसीर का मडाई मेला मनोरंजन का एक मात्र साधन बना हुआ है युवा वर्ग वही बड़े झूले का आनन्द ले रहे है तो वही नन्हे बच्चे छोटे झूले का आनन्द लेने मे कोई कसर नही छोड रहे है। झूले सर्कस सिनेमा से सजा मेला लग रहा आकर्षक का केंद्र मेला मे छोटे बड़े झूले से लेकर सर्कस सिनेमा इत्यादि समानो से सजा हुआ है जहा लोग बाग बड़े ही तादाद मे पहुंचकर विभिन्न प्रकार के ब्यजन के स्वाद लेकर विभिन्न प्रकार के समानो की खरीदारी कर मेला की खूब एन्जॉय करते नजर आ रहे है। आपको बता बता दे कोसीर की मेला बहुत ही प्रसिद्ध माना जाता है पूरे क्षेत्र के लिए इस कारण से काफी भीड होता है आज चौथा दिन और भी ज्यादा भीड़ होने की संभावना बताई जा रही है। मेला मे बनज सिनेमा मे लगी मोर छ ईया भूईया 3 लोगो को लुभा रही अंचल दूर दराज से लोग सपरिवार पहुंच कर मेला की लुत्फ व आनंद उठा रहे है।

## एनटीपीसी लारा में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




एनटीपीसी लारा में 8 से 14 दिसंबर तक उर्जा संरक्षण सप्ताह 2025 मनाया गया, जिसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों ने बहुत जोश और सक्रिय भागीदारी दिखाई। हफ़्ते भर चले इस समारोह का समापन सफल प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि, केशब चंद्र सिंहां राय, महाप्रबंधक ने अशोक कुमार मिश्रा, ऑपरेशन और फ्यूल मैनेजमेंट, हेमंत पावगी, प्रोजेक्ट और अन्य डिपार्टमेंट के प्रमुखों की मौजूदगी में बांटे गए। लोगों को संबोधित करते हुए, केशव चंद्र सिंहा रॉय ने अगली पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एनर्जी कंज़र्वेशन की तत्काल आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आज ज़िम्मेदारी से एनर्जी का इस्तेमाल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में मदद करेगा। इस अवसर पर कर्मचारियों, गृहिणियों, बच्चों और सहयोगियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए वॉकथॉन और कई प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न जागरूकता पैदा करने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ड्रॉइंग, पेंटिंग, निबंध लिखने और क्विज़ जैसे कॉम्पिटिशन में कर्मचारियों, हाउसवाइफ़, स्कूल के बच्चों और एसोसिएट्स ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। एक ज़िम्मेदार पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के तौर परए छज्च्ब लारा ने रोज़ाना के कामों, सिविल स्ट्रक्चर और आम कामों में एनर्जी बचाने के कई तरीके अपना, हैं। बिजली की खपत कम करने और सस्टेनेबल एनर्जी तरीकों को बढ़ावा देने के लिए दिन में रोशनी के लिए कुदरती धूप का सबसे अच्छा इस्तेमाल करने पर ज़ोर दिया गया है।

## कटाईपाली सी स्कूल में निःशुल्क सरस्वती सायकल का किया वितरण

**योग प्रदर्शन एवं अतिथि कक्ष भूमि पूजन समारोह का किया गया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छाल



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण, योग प्रदर्शन एवम्‌ अतिथि कक्ष भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि योग आयोग शासन के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा रहे जिन्होंने ने वहाँ उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब हम रायपुर से चले और आप के कटाईपाली तक के थकावट विद्यालय के अंदर प्रवेश करते ही रमणीय वातावरण से दूर हो गए।

बेटियों का बैंड घोष और तलवार के साथ स्वागत मन को वीर भाव से ओत प्रोत करने वाला दृश्य था। जिस तरह से हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में वनों में जाकर विद्यार्थी आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते थे वैसे ही यहां के पेड़ पौधे यहां के वातावरण को सकारात्मक बना रहा है। आगे विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा कि आप विद्या अध्ययन करते हुए जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ें और साथ साथ राष्ट्रीयता को जीवन में अवश्य धारण करें। अपने जीविकोपार्जन के साथ साथ राष्ट्र की सेवा भी जरूरी है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं जिस मनोयोग से यहां कार्य कर रहे हैं उसकी झलक बच्चों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है इनका इतना सुंदर योग प्रदर्शन बच्चों को स्वस्थ रखने में सहायक है प्रदर्शन की बहुत सी विधाएं हमारे शौर्य के प्रतीक भी हैं जिन्हें यहां के बच्चे संजो कर रखे हुए हैं। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान जोगी राम आर्य ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को एक मॉडल विद्यालय निरूपित करते हुए यहां के बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा किए।

आर्य समाज बैजनाथ पारा रायपुर के प्रधान एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष योगी राम साहू ने बहुत ही सुंदर कविता एवं गीत के माध्यम से विद्यालय की छटा का तारीफ करते हुए बच्चों के अंदर उत्साह का संचार किया और आगे परीक्षा के लिए शुभाकामनाएं प्रदान किया। टीआर एन एनर्जी के सुरक्षा अधिकारी वायुनंदन पांडे ने अच्छी शिक्षा के लिए विद्यार्थी शिक्षक और पालक के मध्य सुन्दर तालमेल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोगों से सहयोग प्राप्त कर विद्यालय हेतु अतिथि कक्ष निर्माण करने की योजना बनाई गई है जिसका भूमि पूजन भी किया गया। उपस्थित अतिथियों ने इसके लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया इस कड़ी में पत्रकार अशोक भगत ने 21000६ रुपए की घोषणा किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती नीलिमा तंबोली सहित समस्त स्टाफ अतिथि जन बृज कुमार साहू मंत्री आर्य समाज बैजनाथ पारा रायपुर, सच्चिदानंद पटनायक सेवा निवृत शिक्षक, हरिशरण राठिया, अध्यक्ष शाला विकास समिति, भोलेश्वर राठिया, सरपंच ग्राम पंचायत कटाईपाली सीए लक्ष्मण प्रसाद तांडे, प्राचार्य, फागू लाल डनसेना, राजकुमार बेहरा, जुगुत राम खूंटे उपस्थित थे।

## पकरिया में धर्मांतरण का प्रयास, 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



ग्राम पकरिया में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण का प्रयास करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बजरंग दल की सूचना पर पहुंची अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पकरिया लटिया में शनिवार 13 दिसंबर को प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने का प्रयास किए जाने की सूचना मिलने पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में प्रार्थना सभा स्थल पहुंचे एवं हंगामा करने लगे। कुछ लोगों ने इसकी सूचना बजरंग दल के जिला सयोजक राकेश शर्मा, ईश्वर साहू,छोटू कश्यप एवं दीपक पटेल को दी। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना पर अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे एवं उपस्थित लोगों से बातचीत करने के बाद संतोष कुमार कैवर्त पिता बुधराम कैवर्त उम्र 45 वर्ष गाम पकरिया थाना अकलतरा, श्याम लाल देवांगन पिता बिदुर राम देवांगन उम्र 55 वर्ष दादर बाजार के पास कोरबा जिला कोरबा ,प्रकाश बरेठ पिता रामकिशन बरेठ उम्र 30 वर्ष रामपुर कोरबा जिला कोरबा , शिव सहिस पिता अमृत लाल सहिस उम्र 42 वर्ष ग्राम किरारी थाना अकलतरा ,श्याम विश्वकर्मा पिता लाल सिंह उम्र 40 वर्ष बरपाली चौकी नैला थाना जांजगीर एवं परमानंद खाण्डे पिता दवास खाण्डे उम्र 46 वर्ष वार्ड 15 अकलतरा को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 107(16 )एवं 151 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। फिलहाल गांव में स्थिति शांत बनी हुई है, लेकिन पुलिस द्वारा एहतियातन निगरानी रखी जा रही है।

### 31 तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान, 12 सौ टीम करेगी सर्वे

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 31 दिसम्बर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकने हेतु प्रत्येक रोगियों का प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार से लाभान्वित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उमेश कुमार मरकाम ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य - प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 घरों में तथा शहरी क्षेत्रों में 20 से 25 घरों में, संधारण प्रपत्र-1, घर की बाहरी दीवार पर गेरु से टिक का निशान लगाया जाएगा एवं एल व दिनांक लिखा जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी ने राज्य स्तर पर ब्लॉक - अकलतरा 212, बलौदा 195, बम्हनीडीह 254, नवागढ़ 295, पामगढ़ 201 एवं जांजगीर शहरी में 43, कुल -1200 सर्वे टीम सघन कुष्ठ खोज अभियान एल.सी.डी.सी. में घर-घर जाकर कुष्ठ संभावित व्यक्तियों का सर्वेक्षण किये जाने की जानकारी दी। एन.एम.ए. के.के. थवाईत ने बताया कि शासन का लक्ष्य प्रति 10 हजार की आबादी में 1 या 1 से कम नए कुष्ठ रोगी पाये जाने का लक्ष्य हैं।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह




**घरघोड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपल्ली में 13 दिसम्बर को धूमधाम से मना प्रथम वार्षिक समारोह।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी के मुख्य परियोजना अधिकारी अखिलेश सिंह एवं एनटीपीसी के अधिकारीगण वीसी दुबे, आनंद अग्रवाल, नीलकमल झारिया एंव अन्य अतिथिगण, महिला तिलोत्तमा समिति की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह एवं उपाध्यक्ष मनीषा अग्रवाल एवं समिति के अन्य सदस्य, डीएवी पब्लिक स्कूल के मैनेजर केडी शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रथम वार्षिकोत्सव का नाम उद्गम रखा गया। कार्यक्रम पौराणिक कथा समुद्र मंथन पर आधारित था।

विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यालय का वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया एवं विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियाँ बतलाई। इस अवसर में मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों शैक्षणिक, शत प्रतिशत उपस्थिति एवं विगत वर्ष में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले सदन को प्रशस्ति पत्र एवं विजय चिह्न प्रदान किया गया। अंत में विद्यालय की शिक्षिका सताक्षी पाणिग्राही के द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार दिया गया। मंच का संचालन मोनिका साहू एवं ऐश्वर्या यादव ने किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### 152 लोगों का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**कटेली।** कोसीर में 152 लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया गया। शिविर में आंख, बीपी, सुगर आदि की जांच की गई और दवाएं वितरित की गई। विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और स्वास्थ्य जागरूकता पर जोर दिया। आयोजकों के प्रति ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसिर में जेएसएम हॉस्पिटल सारंगढ़ नेतृत्व में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 152 लोगों का आंखए बीपीए सुगर आदि की जांच व निःशुल्क दवाई दी गई। शिविर में जे एस एम हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं स्टाफ उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही दवाओं का वितरण किया।

एक से दस तक आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में लोग हुए लाभान्वित

# आयुष केन्द्र लोईंग में विविध जनस्वास्थ्य गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



राज्य शासन के निर्देशानुसार आयुष केन्द्र लोईंग में माह दिसम्बर के 1 से 10 तारीख तक विभिन्न जनस्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.चंद्रशेखर गौराहा के निर्देशन तथा प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लोईंग डॉ. मानकेश्वरी संभाकर जोशी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए।

इस दौरान बाल संदर्भ आर्युविधा शिविर के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय लोईंग में स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सहजन, अमरूद, तुलसी, गिलोय, अरण्ड, जया, पारिजात, हरसिंगार, मीठी नीम, धृतकुमारी आदि औषधीय पौधों की उपयोगिता की जानकारी दी गई। इस शिविर से 72 बच्चे लाभान्वित हुए। इसी तरह आयुष केन्द्र लोईंग एवं स्कूल मैदान में आयोजित शिविरों में हर्बल गार्डन की जानकारी के साथ.साथ स्त्री मासिक स्वच्छता पर जागरूकता दी गई। साथ ही उदर रोग, वात रोग, अम्लपित्त, चर्म रोग, कृमि रोग एवं ज्वर से संबंधित आयुर्वेदिक उपचार एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गईए जिसमें 186 लोगों ने लाभ लिया। आईआईटी कॉलेज लोईंग में आयोजित शिविर के दौरान आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण, हिमोग्लोबिन जांच, स्त्री मासिक स्वच्छता तथा हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं सियान जतन क्लीनिक शिविर के माध्यम से 60 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों को आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाएं दी गईं। विगत तीन वर्षों से निरंतर संचालित इस पहल के अंतर्गत आशा निकेतन वृद्धाश्रम में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 52 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर बीपी एवं मधुमेह की जांचए सरल योगाभ्यास तथा आयुर्वेदिक औषधियों की जानकारी दी गई। प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानकेश्वरी संभाकर जोशी ने बताया कि विगत एक वर्ष से प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को होम विजिट के माध्यम से लोगों को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता और विश्वास बढ़ा है।

